उत्तर प्रदेश ईको-टूरज़्मि वकिास बोर्ड के गठन को कैबनिेट की मंज़ूरी

चर्चा में क्यों?

16 अगस्त, 2022 को मुख्यमंत्री योगी आदत्यिनाथ की अध्यक्षता में हुई उत्तर प्रदेश कैबनिेट की बैठक में राज्य के वन अभयारण्यों के बाहर अनुमेय क्षेत्र में पर्यटन अवसंरचना सुवधिाओं के वकिास एवं प्रबंधन के लयि उत्तर प्रदेश ईको-टूरज़्मि वकिास बोर्ड (UP Eco-Tourism Development Board) के गठन के प्रस्ताव को मंज़ूरी दी गई।

प्रमुख बदुि

- ईका-टूरज़्मि बोर्ड का मुख्यालय लखनऊ में होगा तथा मुख्यमंत्री इसके अध्यक्ष होंगे।
- इस बोर्ड में 10 वभिागों (पर्यटन, वन, आयुष, ग्रामीण वकिास, सचिाई, शहरी वकिास, कृषि, बागवानी, खेल और परविहन) को शामलि कयिा गया है।
- बोर्ड की संरचना में ईको-टूरज़्मि वकिास बोर्ड तथा ईको-टूरज़्मि कार्यकारी समति रिहेगी। कार्यकारी समति पर्यावरण पर्यटन वकिास बोर्ड के उद्देश्यों को पूरा करने के लयि आवश्यक कार्रवाई हेतु ज़म्मिेदार होगी।
- इको-टूरज़्मि वकिास बोर्ड ट्रैकगि, हाइकगि, साइकलगि, कारवां टूरज़्मि, सीप्लेन और रविर क्रूज, एडवेंचर टूरज़्मि के साथ-साथ होटल, रसिॉर्ट्स और इंफ्रास्ट्रक्चर सुवधिाओं, बैलूनगि, जंगल कैंपगि और ईको-पर्यटन क्षेत्र के वकिास के लयि कल्याण पर्यटन, जैसे– आयुर्वेद, योग, प्राकृतकि चकित्सिा जैसी गतविधियिों को अंजाम देने की सुवधिा प्रदान करेगा।
- वकिास बोर्ड के सदस्य दो प्रकार के होंगे। इनमें शासकीय (पदेन) सदस्य एवं वशिेष आमंत्री सदस्य रहेंगे। कृषि मंत्री, वन मंत्री, आयुष मंत्री, वत्ति मंत्री, पर्यटन मंत्री, सचिाई मंत्री, ग्राम्य वकिास मंत्री, मुख्य सचवि, प्रधान मुख्य संरक्षक और वभिागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश वन नगिम के एमडी बोर्ड के सदस्य रहेंगे।
- अपर मुख्य सचवि/प्रमुख सचवि/सचवि पर्यटन बोर्ड के सदस्य सचवि होंगे। अपर मुख्य सचवि/प्रमुख सचवि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परविर्तन इसके समन्वयक की भूमकिा में होंगे।
- आईआरसीटीसी के प्रतनिधि, सशस्त्र सीमा बल उत्तर प्रदेश के प्रतनिधि, वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ फंड इंडिया के प्रतनिधि, बॉम्बे नेचुरल हस्टि्री सोसायटी के प्रतनिधि, कछुआ कंजर्वेशन फंड के प्रतनिधि, कतर्नयिाघाट फाउंडेशन के प्रतनिधि, पाँच नामति पर्यावरण एवं पर्यटन वशिेषज्ञ वशिेष आमंत्री होंगे। इसके अलावा वशिेष आमंत्री के रूप में पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाली दो अन्य ख्यातप्राप्त संस्थाओं का चयन प्रत्येक दो वर्ष के लयि कयिा जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cabinet-approves-formation-of-uttar-pradesh-eco-tourism-development-board